दिन– बुधवार दिनांक– 30 / 07 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– किसी भी वैश्विक नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा– बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से लोगों के बाहर होने पर वह इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप करेगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा और ममता कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी की घोषणा की। आशा कार्यकर्ताओं को अब एक हजार रूपये की जगह तीन हजार रूपये की मिलेगी प्रोत्साहन राशि।

04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में पिछले तीन दिनों से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। आज सारण, बक्सर, सीवान, भोजपुर, रोहतास और कैमूर जिले में भारी बारिश की चेतावनी।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्पष्ट कहा है कि विश्व के किसी भी नेता ने उनसे ऑपरेशन सिंदूर रोकने के लिए नहीं कहा। श्री मोदी की यह टिप्पणी अमरीका के दबाव में पाकिस्तान के साथ युद्धविराम पर सहमत होने के विपक्ष के आरोपों के बीच आई है।

–––बाईट–––

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पाकिस्तान में काफी अंदर स्थित आतंकवादी ठिकानों को नष्ट किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बलों ने केवल बाईस मिनट में आतंकी हमले का बदला ले लिया। श्री मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विश्व ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत देखी है। स्वदेश में बने ड्रोन और मिसाईलों ने पाकिस्तानी हथियारों और गोले बारूद की क्षमता को बेनकाब कर दिया। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान विपक्ष चट्टान की तरह सरकार के साथ खड़ा रहा। उन्होंने केंद्र पर युद्ध की इच्छा शक्ति की कमी होने का आरोप लगाया। इधर, राज्यसभा में भी कल पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की शुरूआत हुई।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि वह बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की न्यायिक निगरानी कर रहा है। न्यायालय ने कहा कि यदि अभियान के तहत बड़े पैमाने पर लोग मतदाता सूची से बाहर होते हैं, तो वह इस प्रक्रिया में

हस्तक्षेप करेगा। मामले की सुनवाई करते हुये न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है और यह माना जायेगा कि वह कानून के अनुसार काम करेगी। पीठ ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि एक अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद ऐसे पन्द्रह लोगों को चिन्हित कीजिये जिन्हें मृत बताया गया हो और वे लोग जीवित हों। यदि ऐसा मामला साबित होता है तो न्यायालय इस पर विचार करेगा। मामले की अगली सुनवाई बारह और तेरह अगस्त को निर्धारित की गयी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा और ममता कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं को अब एक हजार रुपए की जगह तीन हजार रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही ममता कार्यकर्ताओं को प्रति प्रसव तीन सौ रुपए की जगह छह सौ रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। श्री कुमार ने कहा कि इससे इन कार्यकर्ताओं का मनोबल और बढ़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी।

---

राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश में पांच डेयरी प्लांट की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में इस प्रस्ताव को मंज़ूरी दी गई। कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉक्टर एस. सिद्धार्थ ने बताया कि ये डेयरी प्लांट दरभंगा, रोहतास, गयाजी, सीतामढ़ी और गोपालगंज जिले में स्थापित किये जायेंगे। इन पर तीन सौ सत्रह करोड़ रूपये की लागत आयेगी।

———बाईट———

इधर, कैबिनेट ने नगर विकास और आवास विभाग के प्रस्ताव पर बिहार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के गठन को भी मंज़ूरी दे दी है। अपर मुख्य सचिव ने बताया कि यह आयोग विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के आर्थिक और सामाजिक विकास तथा अन्य पहलुओं पर सरकार को सलाह देगा। इस आयोग में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष और पांच अन्य सदस्य होंगे।

———बाइट———

डॉक्टर सिद्धार्थ ने बताया कि मंत्रिमंडल ने सेवानिवृत्त पत्रकारों के लिए पेंशन राशि छह हजार रुपये से बढ़ाकर पंद्रह हजार रुपये प्रति माह करने के प्रस्ताव को भी मंजूर कर लिया है।

———बाइट———

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि पथ निर्माण विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए कैबिनेट ने दो हजार सात सौ चालीस करोड़ रूपये की राशि मंजूर की है। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने सीतामढ़ी जिले में पुनौराधाम मंदिर के जमीन अधिग्रहण के लिए एक सौ पैंसठ करोड़ रूपये से अधिक की राशि स्वीकृत की है। वहीं, प्रारंभिक और माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार के लिए पांच सौ छियालीस करोड़ रूपये स्वीकृत किये हैं। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने आंगनबाड़ी केन्द्रों में बर्त्तन की खरीद के लिए एक सौ पन्द्रह करोड़ रूपये आवंटित किये हैं। कैबिनेट ने कुल इकतालीस प्रस्तावों पर अपनी मुहर लगाई है।

———————————————————————

आयकर विभाग ने आयकर विधेयक—दो हजार पच्चीस में कर दरों में किसी बदलाव से इनकार किया है। आयकर विभाग ने प्रस्तावित विधेयक पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि इसका उद्देश्य केवल भाषा को सरल बनाना तथा अनावश्यक और पुराने प्रावधानों को हटाना है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में पिछले तीन दिनों से रूक—रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान दानापुर में सबसे अधिक एक सौ पचासी मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में पटना में एक सौ पचहत्तर दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी, जो पिछले छह वर्षों में सबसे अधिक है। विभाग ने कहा है कि राज्य में अभी मॉनसून के अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। इसके प्रभाव से अगले पांच से छह दिनों तक बारिश की गतिविधियां जारी रहेगी। इधर, विभाग ने आज सारण, बक्सर, सीवान, भोजपुर, रोहतास और कैमूर जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———बाईट———

———————————————————————

राज्य सरकार ने बोधगया मंदिर सलाहकार पर्षद का गठन किया है। इसमें दस बौद्ध देशों— श्रीलंका, भूटान, थाईलैंड, म्यांमार, जपान, कम्बोडिया, मंगोलिया, दक्षिण कोरिया, वियतनाम और लाओस के राजदूत समेत पच्चीस सदस्य बनाये गये हैं। इसके अलावा दलाई लामा के प्रतिनिधि, गया के सांसद, बोधगया के विधायक, विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव और पर्यटन विभाग के सचिव को भी पर्षद का सदस्य बनाया गया है। गृह विभाग की अधिसूचना में कहा गया है कि यह पर्षद बोधगया मंदिर प्रबंधन

समिति के सलाहकार निकाय के रूप में काम करेगी। सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष का होगा।

---

रेलवे ने समस्तीपुर जिले में पूर्व मुख्यमंत्री जन नायक कर्पूरी ठाकुर के पैतृक गांव स्थित कर्पूरी ग्राम स्टेशन को सोनपुर मंडल से हटाकर समस्तीपुर मंडल में शामिल किया है। रेलवे बोर्ड की सचिव अरुणा नायर ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं, पूर्व मध्य रेल के मुजफ्फरपुर – समस्तीपुर रेलखंड को भी सोनपुर मंडल से हटाकर समस्तीपुर मंडल में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। यह परिवर्तन एक सितम्बर से लागू होगा।

---

प्रदेशभर में बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालने पर रोक लगाने के लिए सघन जांच अभियान चलाया जायेगा। साथ ही वाहनों के प्रदूषण प्रमाण पत्र, बीमा और फिटनेस प्रमाण पत्रों की भी अभियान के दौरान जांच की जायेगी। परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने बताया कि महिलाओं और बच्चों के लिए बस में आगे की चार पंक्तियों की सीटें आरक्षित करने के निर्देश दिये गये हैं।

---

चेन्नई में आयोजित पन्द्रहवीं हॉकी इंडिया सबजूनियर पुरूष नेशनल चैंपियनशिप में बिहार का विजय अभियान जारी है। कल खेले गये एक मैच में बिहार ने त्रिपुरा को उन्नीस–शून्य से पराजित किया। इससे पहले बिहार ने मिजोरम को पराजित किया था।

मध्य प्रदेश के बालाघाट में खेले जा रहे जूनियर नेशनल डॉक्टर बी.पी. राय फुटबॉल प्रतियोगिता में बिहार ने उत्तराखंड को दो–शून्य से पराजित किया।

---

पूर्वी चम्पारण जिले के पिपरा थाने में पदस्थापित दारोगा आभा कुमारी को रिश्वत मांगने के आरोप में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने निलंबित कर दिया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बयान को आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सिंदूर से सिंधु तक पाक पर कड़ी कार्रवाई। पीएम ने कहा– दुनिया के किसी नेता ने ऑपरेशन सिंदूर को रोकने का दबाव नहीं डाला।

प्रभात खबर ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– ऑपरेशन सिंदूर पर प्रधानमंत्री ने लोकसभा में दिया विपक्ष के सवालों का जवाब, सेना की उपलब्धि गिनाई।

दैनिक जागरण ने एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– अगर बड़े पैमाने पर लोग मतदाता सूची से बाहर हुये तो करेंगे हस्तक्षेप।

दैनिक भास्कर लिखता है– मुख्यमंत्री ने वैशाली में बुद्ध स्मृति स्तूप का उद्घाटन किया। पन्द्रह देशों के बौद्ध भिक्षुओं ने पवित्र अस्थि अवशेष को स्थापित किया। राष्ट्रीय सहारा ने वन मंत्री डॉक्टर सुनील कुमार के हवाले से लिखा है– बाघों की संख्या दो वर्षों में आठ गुना, कैमूर में बनेगा दूसरा टाईगर रिजर्व। आज अखबार लिखता है– सुशांत की मौत मामले में रिया को नोटिस।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– किसी भी वैश्विक नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा।

02. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा– बिहार में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बड़े पैमाने पर मतदाता सूची से लोगों के बाहर होने पर वह इस प्रक्रिया में हस्तक्षेप करेगा।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आशा और ममता कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि में बढ़ोतरी की घोषणा की। आशा कार्यकर्ताओं को अब एक हजार रूपये की जगह तीन हजार रूपये की मिलेगी प्रोत्साहन राशि।

04. और, राजधानी पटना समेत राज्य के दक्षिणी हिस्सों में पिछले तीन दिनों से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। आज सारण, बक्सर, सीवान, भोजपुर, रोहतास और कैमूर जिले में भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।